**Government Degree College Nainbagh**

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

# Outreach Activities under
# Mahatma Gandhi National Council for Rural education

1. **First program on 25 April 2023-MGNCRE program in Tator village on Sanitation and hygiene, waste management and water conservation and de-addicition.**

   **External experts:**

   - **PHC Nainbagh- Dr.Vineet Rohila**
   - **Jal Sansthan- Ms. Sonika Rawat**
   - **Mahila Mangal Dal-Ms Sapna**

## News

https://navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

http://www.khabarsagar.co.in/?p=61441



# Government Degree College Nainbagh

N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand

(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

---

Outreach Program - Google Driv | राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

आज दिनांक 25 अप्रैल 2023 को राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल द्वारा गोद लिए हुए ग्राम – टटोर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के अंतर्गत स्वच्छता व स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, कचरा प्रबंधन और नशा मुक्ति संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें एंटी ड्रग सेल के नोडल अधिकारी डॉ मधु बाला जुवांठा ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा निरंतर नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता संबंधी कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ0 विनीत रोहिला ने बताया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य का मूल है , शारीरिक और मानसिक विचारों की स्वच्छता का होना आवश्यक है एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री हरभजन सिंह जी ने बताया कि नशा हमारी पूरी जिंदगी को खराब कर देता है जिसके लिए एंटी ड्रग सेल द्वारा स्थानीय लोगों को नशे से होने वाले भयंकर दुष्प्रभाव के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं।

ग्रामीण वासियों से अपील की गई कि शादी समारोह में परोसे जाने वाले नशे सम्बन्धी सामग्री पर रोक लगाने हेतु सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

अतः सामूहिक प्रयास से ही हम अपने समाज को व संपूर्ण उत्तराखंड को नशा मुक्त कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम टटोर के लोगों को यह बताने का प्रयास किया कि नशा सभी तरह से परिवार को तथा व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है। यदि हम खुशहाल परिवार तथा स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें नशे से दूर रहना सीखना होगा। जल संस्थान की प्रतिनिधि सोनिका रावत ने बताया कि जल ही जीवन है, जल मनुष्य एवं जीव जंतुओं के लिए आवश्यक है तथा सभी को जल का सदुपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया।

महिला मंगल की अध्यक्षा श्रीमती सपना ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य , पर्यावरण को स्वच्छ रखने, कूड़े कचरे का निस्तारण करने एवं जल को संरक्षण करना चाहिए। डॉ0 ब्रीश कुमार ने कचरा प्रबंधन हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को नष्ट करने और अनावश्यक जल का दुरुपयोग करना के लिए जल प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया।

Outreach Program - Google Driv | राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में हु

navaltimes.in/राजकीय-महाविद्यालय-नैनब-6/

महिला मंगल की अध्यक्षा श्रीमती सपना ने बताया कि स्वच्छता, स्वास्थ्य , पर्यावरण को स्वच्छ रखने, कूड़े कचरे का निस्तारण करने एवं जल को संरक्षण करना चाहिए। डॉ0 ब्रीश कुमार ने कचरा प्रबंधन हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन को नष्ट करने और अनावश्यक जल का दुरुपयोग करना के लिए जल प्रबंधन के संबंध में जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में संदीप कुमार ने ग्रामीण वासियों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने संबंधी विचार साझा किए एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 दिनेश चंद्र ने किया।

इस अवसर पर श्री परमानंद चौहान, चतर सिंह , विनोद कुमार , दिनेश सिंह , रोशन सिंह रावत , अनिल सिंह, मोहनलाल, ज्योति रावत, शिवानी, तनीषा , निशा , कंचन चौहान, आशिका, अनुज कुमार , वेदिका , मोनिका, उज्जवल नौटियाल, संध्या रावत, रंजीता, पिंकी, सोनम आदि छात्र-छात्राओं के साथ ही ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।



# Government Degree College Nainbagh

**N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand**

**(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)**

**Website:** http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

2. **Second program on 16 May 2023-MGNCRE program in Tator village on Grrenery, plantation, energy conservation and Uttarakhand .**
   **External experts:**
   - **HYDEL Nainbagh- Mr. Atul Kumar (JE)**

**NEWS**

https://navaltimes.in/महाविद्यालय-नैनबाग-में-ऊ/


RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
17-मई-2023
संजय कुमार राजपूत

**महाविद्यालय नैनबाग ने आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत ऊर्जा प्रबंधन, हरियाली एवं स्टार्टअप नीति 2023 पर कार्यक्रम का किया आयोजन।**

टिहरी गढ़वाल, नैनबाग। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग द्वारा गोद लिए हुए ग्राम टटोर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आइक्यूएसी समन्वयक श्री परमानंद चौहान ने ऊर्जा प्रबंधन के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों को विभिन्न जानकारीयां प्रदान की उन्होंने बताया कि ऊर्जा आधुनिक युग में विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है तथा ऊर्जा का संरक्षण करना सतत विकास के लिए जरूरी है। इसके अतिरिक्त हमें सौर ऊर्जा जैसे नवीन ऊर्जा के स्रोतों की ओर बढ़ना होगा जिससे कि पर्यावरण संरक्षण भी संभव हो सके। इस विषय पर जन जागरूकता बढ़ाने हेतु नैनबाग विद्युत विभाग के जे०ई० श्री अतुल कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा उन्होंने ग्राम वासियों को बिजली बचाने के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिजली की आवश्यकता हर व्यक्ति को है तथा बिजली के अभाव में किसी भी व्यक्ति का विकास संभव नहीं है। बिजली के नवीन उपकरणों का उपयोग करके हम अत्यधिक बिजली बचा सकते हैं। अनावश्यक बिजली उपकरणों के उपभोग से हमें बचना चाहिए तथा बिजली उपकरणों का उपयोग तभी करें जब उसकी जरूरत हो अन्यथा उन्हें बंद रखने की आदत डालें कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० मधु बाला जुवाँठा ने हरियाली एवं जैविक खेती हेतु ग्रामवासियों को जागरूक किया उन्होंने बताया कि पेड़-पौधों का संरक्षण करना आवश्यक है, जिससे कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा हो सके साथ ही खेती में जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों का उपयोग करके हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इनक्यूबेशन सेंटर समन्वयक डॉ० मधु बाला जुवाँठा ने ग्राम वासियों को उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 से संबंधित जानकारी दी उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम स्वरोजगार की तरफ बढ़ सकते हैं और इसके लिए सरकार की तरफ से उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न वित्तीय सहायता का भी लाभ उठा सकते हैं। आइक्यूएसी के रोजगार प्रदाता हितधारक श्री वीरेंद्र सिंह रमोला ने अपने अनुभव ग्राम वासियों एवं छात्र छात्राओं से साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार से किसी भी बिजनेस की शुरुआत के लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है एवं समय के साथ धीरे-धीरे उसमें हम आगे बढ़ सकते हैं वर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष अर्जुन सिंह कैन्तुरा ने छात्र छात्राओं एवं ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती ही भविष्य की आधारशिला है और जैविक खेती करके हम खुद को तथा अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यक्रम में बिजली विभाग से श्री गंभीर सिंह महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती रेशमा बिष्ट,श्री भुवन चंद्र,श्री अनिल सिंह छात्र छात्राओं में वर्तमान छात्र संघ सचिव पुनीत, कंचन चौहान, आशिका, किरण, सुनैना, वेदिका, आंचल, अर्चना, ऋषिका नौटियाल एवं उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960









Sumita

Prof. Sumita Srivastava
Principal
Government Degree College, Nainbagh
Tehri Garhwal

Principal
Govt. Degree College
Nainbagh (Tehri Garhwal)